

नवभारत 03
इंदौर, शुक्रवार,15 मई 2026

## एक नजर

### मंडी में वाहनों पर लगाए गए रेडियम स्टिकर



**खंडवा।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कृषि उपज मंडी खंडवा में किसानों, व्यापारियों और आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मंडी परिसर में मौजूद वाहनों पर रेडियम स्टिकर लगाए गए, ताकि रात्रिकालीन परिवहन के दौरान दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।कार्यक्रम में एसडीएम एवं भारसाधक अधिकारी ऋषिकुमार सिंघई की मौजूदगी में भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष राधेश्याम चाचरिया, दिनेश महाजन, संदीप सिंह सोलंकी और रामेश्वर कुशवाह सहित बड़ी संख्या में कृषक बंधु उपस्थित रहे। वहीं व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल एवं देवेंद्र जैन सहित मंडी के व्यापारी भी अभियान में शामिल हुए।मंडी सचिव रामवीर किरार, मंडी निरीक्षक अशोक शर्मा तथा प्रांगण प्रभारी नारायण दशोर एवं उनकी टीम द्वारा मंडी परिसर में वाहनों पर रेडियम स्टिकर लगाए गए।अधिकारियों ने कहा कि यह पहल विशेष रूप से रात के समय सड़क पर चलने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली और मालवाहक वाहनों की दृश्यता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है, जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

### श्री रेवा गुर्जर मांगलिक परिसर में किचन शेड के लिए भूमिपूजन



**खंडवा।** पदमनगर स्थित श्री रेवा गुर्जर मांगलिक परिसर में गुरुवार को किचन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।भूमिपूजन कार्यक्रम समाज के जिलाध्यक्ष डॉ राधेश्याम पटेल द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान समाजजनों ने मांगलिक परिसर के विकास और सुविधाओं के विस्तार को समाज के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सदस्यों ने किचन शेड निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग देने की भी घोषणा की। समाज के पास वर्तमान में फंड की कमी होने के बावजूद कई सामाजिक बंधुओं ने 11-11 हजार रुपए की सहयोग राशि देने का संकल्प लिया। समाजजनों ने कहा कि सामूहिक सहयोग और सहभागिता से निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।समाज के पदाधिकारियों ने सहयोग करने वाले सभी बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी तरह के सहयोग से भविष्य में भी मांगलिक परिसर में विकास कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान समाजजनों ने परिसर की निरंतर प्रगति, विकास और सामाजिक एकता की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।

### आवाज उठाई तो किया जा रहा है परेशान

#### बिजली विभाग पर किसान का आरोप




**खंडवा ।** जिले के किल्लौद-बलड़ी क्षेत्र में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। भारतीय किसान संघ किल्लौद-बलड़ी के अध्यक्ष श्यामलाल राठौड़ ने विभाग पर मनमानी, गलत बिजली बिल देने और ष्टरू हेल्पलाइन पर भ्रामक जानकारी दर्ज करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।राठौड़ का कहना है कि उन्होंने किसानों के ट्रांसफार्मर खराब होने और गांवों में बिजली कटौती जैसे मुद्दे लगातार उठाए थे। इसी कारण पिछले पांच महीनों से उन्हें बदले की भावना से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान बलियापुरा और जूनापानी गांवों की बिजली काट दी गई थी, जिसका उन्होंने विरोध किया था।उन्होंने बताया कि फरवरी माह में उनके घर का बिजली बिल 200 यूनिट दर्शाया गया और उन्हें सब्सिडी योजना से बाहर कर दिया गया। शिकायत के बाद विभाग ने 13 फरवरी को मीटर लगाने की बात कही, जबकि उनका दावा है कि पुराना मीटर खराब ही नहीं था। इसके बावजूद रिकॉर्ड में मीटर खराब दिखाकर नया मीटर दर्शा दिया गया।राठौड़ ने यह भी आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी जांच के दौरान जूते पहनकर उनके घर के पूजा कक्ष और रसोई तक पहुंच गए, जिससे परिवार की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। उन्होंने कहा कि ष्टरूहेल्पलाइन पर भी विभाग ने गलत जानकारी देकर शिकायत बंद करा दी।उनके बेटे हेमंत राठौड़ ने 21 अप्रैल को जनसुनवाई में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसान नेता ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो किसानों और आमजन के साथ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### एक वर्ष से बंद था आधार, कलेक्टर की पहल से वंश को मिली राहत

**खंडवा।** एक वर्ष से आधार कार्ड सस्पेंड होने की समस्या से परेशान युवक को आखिरकार राहत मिल गई। खंडवा निवासी वंश चौरे का आधार लंबे समय से निष्क्रिय था, जिसके कारण उसे कई जरूरी कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।वंश ने अपनी समस्या के समाधान के लिए आधार केंद्रों और हेल्पलाइन नंबर 1947 पर कई बार संपर्क किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया। इसके बाद वह जनसुनवाई में पहुंचा और अपनी समस्या कलेक्टर ऋषव गुप्ता को बताई।मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर अनिल चंदेल को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। ई-गवर्नेंस टीम ने तकनीकी परीक्षण कर वंश का बायोमेट्रिक अपडेट करवाया और आधार पंजीयन से जुड़े भोपाल रीजनल ऑफिस से भी समन्वय किया। लगातार प्रयासों के बाद गुरुवार को वंश का आधार पुनः सक्रिय हो गया। समस्या हल होने की जानकारी मिलते ही वंश अपने पिता के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा और कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं ई-गवर्नेंस टीम का आभार जताया।

# जेसीबी ने गिराए पक्के निर्माण, उपायुक्त बोले-नहीं बख्शा जाएगा कोई भी अतिक्रमण

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** शहर के प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम प्रशासन ने बुधवार को शिवाजी चौक से लालचौकी क्षेत्र तक व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जेसीबी मशीनों की मदद से नालियों और सड़कों पर किए गए पक्के निर्माणों को ढहा दिया गया।





कार्रवाई के दौरान प्रशासन को स्थानीय निवासियों, विशेषकर महिलाओं के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। नगर निगम के दस्ते के साथ सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर ने पुलिस बल की मौजूदगी में सुबह शासकीय अस्पताल के सामने से अभियान की शुरुआत की। जैसे ही छ्वष्टक्च ने शिवाजी चौक से लालचौकी की ओर बढ़ते हुए नालियों पर बने पक्के ओटलों और रैम्पों को तोड़ना शुरू किया, वहां हड़कंप मच गया। व्यापारियों और रहवासियों ने दुकानों और घरों के सामने हुए पक्के निर्माणों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन निगम की टीम ने सख्ती दिखाते हुए पक्के अतिक्रमण को जमींदोज कर दिया।

**महिलाओं ने मोर्चा संभाला-** कार्रवाई के दौरान सबसे अधिक तनाव उस वक्त देखा गया जब महिलाएं छ्वष्टक्च के सामने खड़ी हो गईं। महिलाओं का तर्क था कि उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया गया, जिससे उनका नुकसान हो रहा है। अधिकारियों के साथ उनकी तीखी बहस भी हुई, लेकिन पुलिस की मौजूदगी के कारण स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और कार्रवाई निरंतर जारी रही।

**नागचून तक जारी रहेगा अभियान-** कार्रवाई पर नगर निगम उपायुक्त श्री सिटोले ने मीडिया से कहा कि अभियान केवल लालचौकी तक सीमित नहीं रहेगा। शिवाजी चौक से लेकर नागचून तक सड़क की दोनों पट्टियों पर जितने भी पक्के अतिक्रमण हैं, उन्हें हटाया जाएगा। विशेषकर नालियों और नालों के ऊपर किए गए निर्माणों को प्राथमिकता से तोड़ा जा रहा है ताकि वर्षा काल में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो।

# रेल ओवरब्रिज का सांसद पाटिल ने किया निरीक्षण, काम की गति बढ़ाने के निर्देश

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। ज्ञानेश्वर पाटिल ने गुरुवार सुबह खंडवा पहुंचकर शहर के तीन पुलिया रेल ओवरब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए ब्रिज को जल्द पूर्ण करने पर जोर दिया। जानकारी के अनुसार सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के तहत सड़क मार्ग के बजाय महानगरी एक्सप्रेस से खंडवा पहुंचे।**



इसके बाद वे सीधे निर्माणाधीन तीन पुलिया रेल ओवरब्रिज स्थल पर पहुंचे और कार्य की प्रगति का जायजा लिया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सांसद ने निर्माण एजेंसी एवं रेलवे अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य को तेज गति से पूरा किया जाए, ताकि शहरवासियों को जल्द राहत मिल सके। उन्होंने रेलवे सुरक्षा और ट्रेनों के सुचारू परिचालन को प्राथमिकता देने की भी बात कही। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि उनका प्रयास है कि नवरात्रि और दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों से पहले इस ओवरब्रिज पर आवागमन शुरू हो जाए। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस लाइन चौराहा क्षेत्र में सर्विस रोड निर्माण के लिए पुलिस विभाग से अनुमति मिल चुकी है और जल्द ही वहां निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विनोद बरकने, कमलेश गोस्वामी, जी एल मीणा, मनोज सोनी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हाईटेक तरीके से होगी एक्सीडेंट की जांच



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** सड़क दुर्घटनाओं की सही और त्वरित जानकारी दर्ज करने के साथ तकनीकी समन्वय को मजबूत बनाने के उद्देश्य से खंडवा पुलिस द्वारा गुरुवार को एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित इस प्रशिक्षण में सीसीटीएनएस, आईआरडीए और एडीईआर पोर्टल के इंटीग्रेशन एवं सुचारू संचालन पर विस्तार से जानकारी दी गई।यह प्रशिक्षण अगम जैन के निर्देशन एवं महेन्द्र तारणेकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय, एनआईसी डीआरएम ऋषि धामेजा, यातायात थाना प्रभारी देवेन्द्र सिंह परिहार सहित विभिन्न थानों और चौकियों से आए सीसीटीएनएस, आईआरडीए और एडीईआर ऑपरेटर मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं से जुड़ी जानकारी को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सही तरीके से दर्ज करना कितना महत्वपूर्ण है। एनआईसी डीआरएम ऋषि धामेजा ने ऑपरेटरों को पोर्टल संचालन, तकनीकी समस्याओं के समाधान और डेटा एंट्री के दौरान आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया।खंडवा पुलिस का यह प्रयास सड़क दुर्घटनाओं के डेटा को अधिक पारदर्शी, सटीक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कैमरा बंद कर हनुमान मंदिर से लाखों की चोरी

**मूर्तियों से 7 किलो चांदी के मुकुट ले गए बदमाश**

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** शहर के किशोर नगर स्थित मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर में देर रात बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। बदमाश मंदिर में रखी मूर्तियों से के करीब 7 किलो वजनी चांदी के मुकुट चोरी कर ले गए। चोरी गए मुकुटों की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है।



घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश और दहशत का माहौल है।जानकारी के अनुसार वारदात रात करीब 3.30 बजे हुई। बदमाशों ने पहले मंदिर की लाइट बंद की और फिर बेहद शातिराना तरीके से मंदिर में प्रवेश किया। सुबह करीब 5.50 बजे पुजारी पंडित मनोज उपाध्याय के बेटे राम उपाध्याय मंदिर खोलने पहुंचे, तब घटना का खुलासा हुआ।

मंदिर की सांकल टूटी हुई थी और अंदर जाकर देखा तो हनुमान, भगवान शिव सहित अन्य मूर्तियों पर रखे चांदी के मुकुट गायब थे।चोरों ने पुलिस को गुमराह करने और अपनी पहचान छिपाने के लिए मंदिर में लगे CCTV सिस्टम से भी छेड़छाड़ की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने कैमरों के फुटेज पूरी तरह फॉर्मेट कर दिए, ताकि घटना का कोई सुराग न मिल सके। इससे साफ है कि वारदात को बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी टीआई धीरेश धारवाल और सीएसपी अभिनव बारंगे मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अगम जैन तथा एडिशनल एसपी महेंद्र तारणेकर ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अब तकनीकी जांच, आसपास लगे निजी कैमरों और संदिग्धों की गतिविधियों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# दुर्घटना में फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर की मौत

**राहगीर को बचाने में साइन बोर्ड से टकराई बाइक**

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। खंडवा। जिले में बुधवार देर रात सड़क हादसे में फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर की मौत हो गई। हादसा इंदौर-खंडवा हाईवे पर गांव छैगांवदेवी के पास हुआ, जहां शादी समारोह से लौट रहे युवक की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से जा टकराई। टक्कर इतनी भयावह थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।**



मृतक की पहचान देशगांव निवासी रविराज सिंह गौड़ (32) के रूप में हुई है, जो सुंदरम फाइनेंस कंपनी में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार रविराज अपने स्टाफ कर्मचारी की शादी समारोह में शामिल होने के बाद देर रात घर लौट रहे थे। उनके साथ बाइक पर एक सहकर्मी भी बैठा था, जिसे भोजाखेड़ी तक जाना था।बताया जा रहा है कि छैगांवदेवी के पास अचानक एक व्यक्ति सड़क पार करने लगा। उसे बचाने के प्रयास में रविराज ने बाइक मोड़ी, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर गया। इसी दौरान सड़क किनारे लगा संकेतक बोर्ड सीधे उनकी छाती से टकरा गया। गंभीर चोट लगने से रविराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे सहकर्मी को मामूली खरोंच तक नहीं आई।घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम पर बड़ी संख्या में देशगांव के ग्रामीण और राजपूत समाज के लोग एकत्र हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर भी मौके पर पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में शव परिजनों को सौंप दिया गया।परिजनों के अनुसार रविराज परिवार के सबसे जिम्मेदार सदस्य थे। पिता का पहले ही निधन हो चुका था। परिवार में मां, छोटा भाई और पत्नी हैं।

## एक नजर

**रूफ वाटर हार्वेस्टिंग अपनाइए, लाखों लीटर पानी बचाइए**

# कलेक्टर बोले : जनसहभागिता से ही मिलेगा बदलाव

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जल संरक्षण, स्वच्छता और नशामुक्ति जैसे सामाजिक अभियानों में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को जन अभियान परिषद द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि बिना जनसहभागिता के कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता।कलेक्टर ने कहा कि इंदौर की स्वच्छता में सफलता केवल प्रशासनिक प्रयासों का परिणाम नहीं, बल्कि वहां के नागरिकों की जागरूकता और सहभागिता का उदाहरण है। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं से जल संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



बैठक में सहायक कलेक्टर शिल्पा चौहान, जन अभियान परिषद के इंदौर संभागीय समन्वयक अमित शाह, शासी निकाय सदस्य विनोद मोहने तथा जिला समन्वयक जगदीश पटेल सहित विभिन्न विकासखंडों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने रूफ वाटर हार्वेस्टिंग को जल संकट का प्रभावी समाधान बताते हुए कहा कि मामूली खर्च में वर्षों तक लाखों लीटर पानी बचाया जा सकता है। उन्होंने खेल मैदानों और सार्वजनिक स्थानों पर रिचार्ज पिट निर्माण की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि वर्षा जल का भू-जल पुनर्भरण में उपयोग हो सके।

इस दौरान दृष्टि योजना अंतर्गत संचालित पंख कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अमित शाह ने बताया कि इसका उद्देश्य स्वैच्छिक संगठनों को मजबूत मंच उपलब्ध कराकर विकास कार्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं के मॉडल को अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा। शासी निकाय सदस्य विनोद मोहने ने बताया कि पंख कार्यक्रम के तहत वन एवं जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, प्राकृतिक एवं जैविक खेती तथा नशामुक्ति जैसे क्षेत्रों में स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने बताया कि जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाएं और प्रस्फुटन समितियां ग्रामीण क्षेत्रों में बोरी बंधान, जल संरक्षण, दीवार लेखन, प्याऊ स्थापना और जल स्रोतों की साफ-सफाई जैसे कार्य लगातार कर रही हैं।

## ब्रह्माकुमारी ने मदर्स- नर्स डे पर किया नारी शक्ति का सम्मान

**मूंदी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा बुधवार को वॉलीबॉल ग्राउंड, पुराने पुलिस थाना परिसर के सामने, मूंदी में मदर्स डे एवं अंतर्राष्ट्रीय नर्स डे के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की थीम मातृत्व का सम्मान - सेवा का अभिमान रखी गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंदु दुबे, अनीता श्रीवास्तव तथा अंजलि प्रजापति उपस्थित रहीं।

अतिथियों ने माताओं का तिलक कर सम्मान किया और कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि पूरी सृष्टि का आधार है। माँ ही संस्कारों की पहली पाठशाला होती है।अतिथियों ने युवाओं से मोबाइल और सोशल मीडिया से समय निकालकर परिवार और विशेष रूप से माँ के साथ समय बिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि सच्चे संस्कार परिवार और मातृत्व की छांव में ही विकसित होते हैं।कार्यक्रम में मूंदी क्षेत्र की सेवा भावी नर्स बहनों को 'सेवा की मूर्ति' एवं 'एंजल ऑफ मर्सी' की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बीके श्यामा दीदी ने कहा कि माँ जन्म देती है और नर्स जीवन बचाती है। प्रेम, करुणा और निस्वार्थ सेवा ही दोनों का सच्चा धर्म है।वहीं बीके पिंकी दीदी द्वारा विशेष राजयोग मेडिटेशन सत्र आयोजित कर तनावमुक्त और सकारात्मक जीवन का संदेश दिया गया।

नव भारत




आज के अंक के साथ नवभारत की नवतरंग एज्युकेशन गाईड 2026 मैगजीन लेना न भूलें।